# दानिय्येल 1



© 2021 Comic Bible Society, LLC


539 ई.पू.
मसीह के जन्म से 500 साल पहले.
यरूशलेम में एक बहुत बड़ा युद्ध छिड गया।
दानिय्येल 1:1-3


राजा यहोयाकीम, अब बचने का कोई रास्ता नही है।
पूर्वी और पश्चिमी दोनों दरवाजे बेबीलोनियों के द्वारा बन्द कर दिये गये हैं।
कुछ को वह जीवित, बेबीलोन वापस ले गया।
बता दो कि, सिदोनियों और हित्तियों को उसने गर्दन तक रेत में गडवाकर, उनके सिरों के ऊपर से अपनी घुडसवार सेना को दौडाया। निश्चय ही बातचीत करो!
हाँ, उनके जबडों में काटों को फसाकर।
हम बातचीत नही कर सकते।
हम लड नही सकते है। इसके अलावा क्या है?
हमारे पास कोई विकल्प नही हैं।


कुछ ही समय बाद।
आइये! राजा ने अपना निर्णय लिया है।
मुझे लगता है कि राजा ने कहा है यरूशलेम कभी नही गिरेगा, परमेश्वर स्वयं हमारी रक्षा करेगा। क्या
परमेश्वर ने हमे त्याग दिया है?
नहीं, यह हमारे राजा थे जिन्होंने परमेश्वर को छोड़ दिया है, दानिय्येल----
तुम वहां हो!
जल्दी से, राजा यहोयाकीम चाहता है कि पूरा राजघराना शस्त्रागार में चला जाये।
क्या राजघराने के रक्षक बेबीलोन के लोगों को रोकने में सक्षम होंगे।
अब! अधिक समय नही है!
हम तुम्हें यहाँ सुरक्षित रखेंगे।
चिंता ना करो।
माँ....


नही लड सकते...
ना बातचीत कर सकते हैं.....
हम सभी केवल खरगोशों की तरह एक बिल में छिप सकते हैं....
...मुझे नही लगता कि कोई जगह सुरक्षित है।
विरोध करना बेकार है! तुमको और राजघराने को बेबीलोन ले जाना है।
अब यरूशलेम गत से भिन्न नहीं है, दमस्कुस, या एक्रोन! अब सब बेबीलोन का है!!!
मेरे पास आदेश है! यदि तुम विरोध करोगे, पूरा राजघराना मार दिया जाएगा।
तलवार चलाने वाले को मेरे पास लाओ!
जो आज्ञा, सरदार!


जो भी तुम्हारे रास्ते में आये उसे खत्म कर दो!
राजा को जंजीरों में बाँध लो।
राजघराने की माताओं और बच्चों को बेबीलोन में ले जाने के लिए बग्गियों में बिठाओ।
बाकी सब को मार डालो।
दानिय्येल 1:3



बेबीलोन के सिपाहियों के द्वारा यरूशलेम शहर में तोड़फोड़ की गई है।
गलियों में, सैकड़ों बंदियों को पंक्तियों में खड़ा करके एक साथ जंजीरों में बाँध लिया गया है।
पिता!


राजा नबुकद्नेस्सर ने कड़ा आदेश दिया है! राजघराने के बच्चों और उनकी माताओं को बग्गियों में बिठाकर बेबीलोन लेकर जाओ।
तेरे जवानों के पास क्या है?
राजा ने क्या वायदा किया है.
महल के लूट का माल महल में पहले प्रवेश करने वाले दस्ते को मिलेगा।
मेरे जवानों ने इसे उनके देवताओं के मंदिर से उठाया है।
यह उन्होंने बहुत अच्छा किया।
वह सब तेरे साथ न जाएगा।
पर महाराज....
राजा ने स्वयं आदेश दिया है कि उनके सभी धार्मिक पात्रों सहित यहूदियों को बेबीलोन में वापस लाया जाये।

दानिय्येल 5:3


स्त्रियों और बच्चों को अलग-अलग करके। सबसे उत्तम बच्चों को राजा के लिए चुना जाये।
सबसे बेहतर स्त्रियों को.... उसके अधिकारियों के लिए।
नही! तुम मेरे बेटे को नही ले जा सकते...
मेरे बेटे, मेरे बेटे!
माँ!!
दानिय्येल.... मैंने तुझे जो सिखाया, वह सब याद रखना....



यरूशलेम के विनाश के बाद, बचे हुए यहूदियों को ले जाने के लिए तैयार किया गया।
अब क्या, दानिय्येल?
अजर्याह! मैंने लोगों को यह कहते सुना है कि परमेश्वर ने हमसे मुख फेर लिया है
नहीं, हनन्याह। परमेश्वर हमारे साथ है।
नहीं, हनन्याह। परमेश्वर हमारे साथ है।
... जहाँ कहीं भी हम जाएंगे...
....बेबीलोन के अपने नये घर में..
दानिय्येल 1:3




अतः इस प्रकार, राजा नबूकदनेस्सर, सबसे शक्तिशाली व्यक्ति, अपनी वफादार सेना और असहाय बंधुओ सहित विजयी होकर घर लौटा है, दुनिया के सात प्राचीन अजूबों में से एक की तरह,...
बेबीलोन!



इस जगह को देखो!
यह घर से बहुत बड़ा है!
हमारे लिए, अब, यही घर है।
क्या असली सोना है?
बेल-जूर, राजा के निर्देशानुसार---
---मैं तेरी शिक्षण गृह  के लिए सबसे अच्छे और तीव्रबुद्धि वाले यहूदी बच्चों को तेरे सामने प्रस्तुत करता हूँ।
हमेशा की तरह भद्दा, लेकिन सबसे उत्तम दीवट घुमावदार बांज वृछ से भी तैयार किये जा सकते हैं।
उनको दूसरी मंजिल पर स्थित कमरों में लेकर जाओ।
कपडे पहनने के बाद वे दोपहर के भोजन के लिए दूसरों से मिलेंगे।


दानिय्येल 1:4


बेबीलोन के लटकते बगीचे
शिक्षण गृह का भोजन कक्ष।
सभी लोग! खाओ!
इस इनाम का हिस्सा लो, जो हमे दिया गया है!
यह खाना....
बेबीलोन के लोगों का खाना।
हम इसे कैसे खा सकते हैं?
बुतपरस्तों का भोजन।
इसका एक ही जबाव है कि.....



तथा अगले दिन।
दानिय्येल, क्या वे प्रतिदिन यही परोसनेवाले है?
हमे वही करना चाहिए जो हम जानते है कि उचित है।
बस यही इच्छा है कि जो हम जानते हैं कि सही है, हमें भूँखा नही छोडेगा!
हम्म्म.....


तीसरे दिन, दोपहर के भोजन के समय।
सभी विद्यार्थियों को बाहर कर दिया गया।
यहूदियों को रोके रखा।
बेल-जूर तुमसे मिलना चाहता है।
औरों को उनके कमरों में लेकर जाओ।
महोदय, क्या हुआ है?
मेरे साथ आओ।
दानिय्येल 1:9-10


क्या ये वही हैं जिनकी तूने बात की थी?
हाँ, जो मेरी निगरानी में सबसे अच्छे हैं, परन्तु एक बड़ी समस्या है
तुमने पिछले तीन दिनों में शायद ही खाया हो।
तुम्हें पता है की मेरे साथ क्या होगा जब राजा को पता चलेगा की दूसरों की तुलना में तुम कमज़ोर हो?
हम भूखे हैं----
बहुत भूखे हैं।
लेकिन हम तुम्हारे द्वारा दिये गये मांस या शराब में से नही खा-पी सकते है।
यह तुम्हारे देवताओं को बलि किया हुआ है।
हम मूर्तिपूजा में सम्मिलित नहीं हो सकते।
यह केवल खाना है, इससे क्या फर्क पडता है?
यदि तुम्हारा परमेश्वर नाराज होता है तो, वह आये और स्वयं रक्षा करे।
राजा एक गुस्सैल स्वभाव का है, और उन दासों को नहीं सताता जो उसके काम में आता है
मैं अपना सिर गवां सकता हूँ!


कितना बुरा क्यों न हो, मैं इसी के साथ पूर्ण रूप से पला-बढा हूँ।
हमारे पास तेरे लिए एक प्रस्ताव है, इसलिए कि हम अपने यहूदी आहार नियमों का पालन करेंगे....
...और तेरा सर भी बचा रहेगा।
मैं सुन रहा हूँ।
हमें दस दिन तक परखो। हम तुम्हारी दालें, साग-पात और सब्जियां खायेंगे।
और हमारे पीने के लिए सिर्फ पानी देना।
और?
दस दिनों के बाद देखना, कि हम उनके जितना स्वस्त है जो तुम्हारा भोजन खाते हैं।
और अगर दस दिन के बाद तुम नही हुए?
तब भी हम राजा के मांस या मदिरा का सेवन नहीं करेंगे।
हम्मम..तेरी बातों में समझदारी है।
केवल दस दिनों के लिए।
हालांकि मैं नही जानता कि मुझे क्यों करना चाहिए।
बेल-जूर, ऐसे ही बनाओ।
बहुत अच्छा!
कल से हम यहूदियों को केवल सब्जियां और पानी ही देंगे।
मुझे आशा है कि उनका परमेश्वर उनको जीवित रखेगा।

दानिय्येल 1:11-12


बेल- ज़ूर, तेरे विद्यार्थियों पर अच्छी चमक है
खासकर चार यहूदियों पर! वे शारीरिक और मानसिक रूप से सबसे बढ़िया उदहारण हैं जैसा कि राजा देखना चाहता है।
तुम्हारे पास वह है जो तुम चाहते थे।
और तेरे पास तेरा सिर है।


आज मेरा शुभ दिन है; सभी नक्षत्र मेरी ओर हैं।
तुम्हारी उन्नति देखने के लिए - राजा तुम यहूदियों से बातचीत करना चाहता है।
मेरे समझ में नही आ रहा कि तुमने सबसे अच्छा मांस और देवताओं कि शराब नही ली। फिर भी तुम मेरी निगरानी में रहेनेवालों से अधिक स्वस्थ दिखते हो।
राजा से मिलने से पहले कोई और बात।
जो वह पूछे उसको वही जबाब देना, अधिक नही। वह एक अधीर व्यक्ति है।
और क्या?
वह खाने और शिक्षा के लिए बहुत खर्च करता है। वह प्रतिफल की उम्मीद करता है।
उसके स्वाभाव के बारे में कोई पूर्वानुमान नही उसका गुस्सा एक पल में भडक सकता है।
यदि हम नहीं करते हैं, तो क्या हमसे जुड़ा हुआ हम कुछ खो देंगे?
वास्तव में।

दानिय्येल 1:18-20


जो कुछ तूने सीखा है, उसे तू याद कर सके।
....तथा तेरा परमेश्वर तेरे साथ रहे।
और इस तरह से राजा ने उसके यहूदी विद्यार्थियों का अवलोकन किया।
उनमे से प्रत्येक ने जो शिक्षण गृह में सीखा था उसका प्रदर्शन किया...
जब तक....
मैं बस विशेषता की उम्मीद कर रहा था।
दानिय्येल 1:18-20



बाद में, राजा आराम से सो गया।
अअअहहहहह..!
देवता मुझसे बोल रहे हैं!
शिक्षण गृह में.....
मुझे समझ नहीं आया।
राजा का दावा है कि यहूदी लोग औरों की अपेक्षा दस गुना बुद्धिमान हैं।
हनन्याह, और सब्जी दो।
मेरे पीछे आओ।
किस लिए?
सभी बुद्धिमानों, और ज्योतिषियों और उनके शिष्यों को तुरन्त निम्री की सभा में लाया जाये।
दानिय्येल 2:1


निम्री की सभा में।
मैं, अर्योक, राजा के शब्दों को बोलता हूँ।
महाराजा नबुकद्नेस्सर की आज्ञा के अनुसार
सभी बुद्धिमानों, जादू-टोना करनेवालों, ज्योतिषियों, साथ ही साथ उनके शिष्यों को भी।
...सूर्यास्त के समय मार दिया जाएगा
राजा कैसे...
वह जो पूछता है वह असम्भव है! कोई भी मनुष्य उसके स्वप्न को बताने के लिए उसके मन के विचारों को कैसे समझ सकता है!
राजा तुमको आश्रय और भोजन क्यों उपलब्ध कराये, जब एक काम तुमसे पूछा, जो तुम नहीं कर सकते?
बेल-जूर, क्या तुम सेनापति अर्य्योक के साथ मेरी मुलाकात करवा सकते हो?
किस लिए, दानिय्येल?
मैं तुझसे कहता हूँ कि तू मुझपर और मेरे परमेश्वर पर भरोसा कर, जैसा कि तूने पहले किया....



दानिय्येल 2:12


बेल-ज़र ने मुझे तुम्हारे शिष्टाचार और बुद्धिमानी के बारे में बताया है लेकिन मैं राजा के मन को नही बदल सकता हूँ।
उसका वचन ही कानून है।
राजा हमारे ज्ञान से स्वयं प्रभावित था। कृपया।
बस उससे पूछ।
इन अलग-अलग लोगों को लाने की राजा की योजना कभी भी मुझे पसन्द नही आयी।
तेरी अजीब मान्यताओं को लाने के कारण देवता तुझसे नाराज हैं।
मैं पूछूँगा लेकिन कोई उम्मीद नहीं है।
राजा के सिंहासन का स्थान।
जब से मैंने तुझको दूसरों की अपेक्षा ज्यादा बुद्धिमान पाया, इसलिए मैं तुझ यहूदी से मिलने को तैयार हो गया।
लेकिन तुम दूसरों की तुलना में बेहतर नही।
तुमने ठीक कहा।

दानिय्येल 2:14-16


राजा को क्यों परेशान किया जाये, जबकि तुम पहले ही मरना चाहते हो?
स्वप्नों का अर्थ बताना मनुष्यों की ओर से नही, बल्कि परमेश्वर की ओर से होता है।
देवता नही बोलते है, कम से कम जो ज्ञानी होने का वेष धारण करता है।
देवताओं ने मुझे एक स्वप्न के साथ पीड़ा दी है और अर्थ भी नही प्रकट किया कि यह है।
हे राजा, मैं विनती करता हूँ कि तू मुझे तेरे स्वप्न को बताने का एक अवसर प्रदान करे।
यहूदी, तुम भी अन्य बुद्धिमानों के जैसे ही, बस अधिक समय बढ़ाने की कोशिश कर रहे हो।
अर्य्योक, तूने इस मूर्ख के साथ मेरा समय क्यों बर्बाद किया है।
महाराज, प्रबंधक बेल-जूर कहता है कि उसमे पवित्र ईश्वरों की आत्मा रहती है।
मेरे स्वामी, आपने स्वयं उसकी बुद्धिमानी देखि है।
तुम्हारे पास सिर्फ एक ही मौका होगा, मैं एक और स्वप्न नही सह सकता – अगर मुझे इसका अर्थ नही पता चला तो मैं पागल हो जाऊँगा।
जब कोई मुझे मेरा स्वप्न बताए, तो मैं वो जान लूँगा की मैं उसके बताये हुए अर्थ पर भरोसा कर सकता हूँ।
सुप्रतिष्ठित, महान राजा। क्योंकि परमेश्वर ही एक मात्र स्वप्नों को प्रकट कर सकता है।
दानिय्येल 2:16


हम सुबह को स्वप्न जानेंगे.....
....या हम मरने वाले पहले व्यक्ति होंगे।
उसी शाम को।
मेरे दोस्तों, मेरे साथ स्वर्ग के परमेश्वर से दया के लिए प्रार्थना करो।
नहीं तो, हम सब कल उससे मिलेंगे।
दानिय्येल 2:16


सुबह।
क्या तुम बाकी के तांत्रिकों और धोखेबाजों के साथ मरने के लिए तैयार हो जो खुद को मेरे ज्ञानी बताते हैं।
परमेश्वर बुद्धिमानों को बुद्धि देता है और समझदारों को ज्ञान।
वह रहस्यमय और छिपी बातों को प्रकट करता है, और वह जानता है कि अंधेरे में क्या छिपा है, और प्रकाश उसके साथ रहता है।
टालना बन्द करो, नही तो मुझे एक दिन और इन्तजार कराने के लिए सबसे पहले तुम्हारा सर काट कर गिराया जाएगा।
कोई तांत्रिक या ज्योतिषी राजा को यह रहस्य नही समझा सकता क्योंकि यह परमेश्वर की ओर से है। यह रहस्य मुझ पर इसलिए नहीं प्रकट किया गया क्योंकि मैं ज्यादा बुद्धिमान हूँ, बल्कि इसलिए कि तू समझ जाए।
हे राजा, तूने एक बहुत बडी मूर्ती को देखा, जो देखने में भयंकर, सिर शुद्ध सोने का था, छाती और हाँथ चाँदी के, इसमें एक पीतल का पेट और जांघें, लोहे की टांगें, और पैर लोहे और मिट्टी की मिलावट के थे।


तेरे देखते एक चट्टान ने उस मूर्ति को नष्ट कर दिया और मूर्ति भूसे की तरह चूर-चूर हो गयी, जो बिना एक निशान छोड़े नाश हो गयी। हे राजा, लेकिन वह चट्टान एक बहुत बड़ा पहाड़ बनकर पूरी पृथ्वी पर फैल गया।
तुम.... तुम मेरा स्वप्न जानते हो!
लेकिन इसका अर्थ क्या है?
स्वर्ग के परमेश्वर ने तुझको राज्य और सामर्थ्य प्रदान की है। वो सोने का सिर तू है।
तेरे बाद एक और राज्य उदय होगा, हे राजा, जो तुझसे नीचा होगा।
तभी एक पीतल का तीसरा राज्य जो पृथ्वी पर राज्य करेगा।
अंत में लोहे का चौथा राज्य आएगा, जो अन्य सभी को कुचल कर तोड डालेगा। लेकिन इस राज्य के लोग मिलावटी होंगे और एकजुट नही रहेंगे, जैसे लोहा मिट्टी के साथ एकमेल नही हो पाता।
उन राजाओं के दिनों में ही स्वर्ग का परमेश्वर एक राज्य उदय करेगा जिसका कोई अंत नही होगा।
जो परमेश्वर ने तुझे दिखाया है कि भविष्य में क्या होगा।
स्वप्न सच है और अर्थ भी विश्वासयोग्य है।
निसन्देह तुम्हारा परमेश्वर ही सब ईश्वरों का परमेश्वर और राजाओं का प्रभु और एकलौता रहस्यों का प्रकट करनेवाला है, तभी तुम मेरे रहस्य पर से पर्दा उठा पाये।
दानिय्येल 2:27-47


मैं आज आदेश देता हूँ कि दानिय्येल मेरे राज्य का मुख्य प्रशासक होगा।
उसके मित्र मेरे राज्य के राज्यपाल होंगे।
लेकिन मेरे स्वामी, वे निर्वासित यहूदी हैं, और वह केवल एक मनुष्य है।
मुझे परवाह नहीं है अगर वे पागल कुत्ते भी हैं!
मेरे दस बुद्धिमानों की अपेक्षा उनमे से किसी के भी पैर की छोटी उंगली में ज्यादा समझ है।
हाँ, मेरे स्वामी।
महाराजा नबुकद्रेस्सर के आदेशानुसार, दानिय्येल को पूरे बेबीलोन के ऊपर मुख्य प्रशासक बनाया गया।
राजा पागल है। एक विदेशी को अपने लोगों के ऊपर शासक बना दिया है।
और तो और एक नौजवान को!
अब दानिय्येल को राजा के महल में रहने के लिए सम्मानित किया जाएगा।
इसके अलावा, उसके तीनों दोस्तों को उसके कहने पर सम्मानित किया, तथा उन्हें बेबीलोन के प्रान्तों के ऊपर प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाएगा।
पागलपन। सरासर पागलपन।

दानिय्येल 2:48-49



दानिय्येल मुझे बताओ, कि तुम्हारे लोग तुम्हारे बारे में क्या सोचते हैं।
अन्य यहूदी मेरे यहाँ भवन निर्माण में मजदूरी करते हैं तथा जानवरों को चराते हैं।
लेकिन तुम उनके विश्वासपात्र विजेता के रूप में आराम से रहते हो।
यहोवा ने मुझे इसके लिए बुलाया है।
तुम्हारा परमेश्वर तुमसे बात करता है?
जैसा कि मैं प्रार्थना करता हूँ, ध्यान करता हूँ, और उसकी व्यवस्था को पढता हूँ, वह मुझसे बात करता है।
इसी वजह से हम यहूदी उसको जीवित परमेश्वर कहते हैं।
परमेश्वर हमारे साथ हँसे....हमारे साथ खेले। मुझे संदेह है कि वे हमसे बात करते हैं।
लेकिन यकीन है.... उसने मुझे मनुष्यों पर शासन करने के लिए चुना है।





दानिय्येल 3 : 1



शुद्ध सोना, घमण्ड... और मूर्तिपूजा।
वे कहते हैं कि सबको इसके लिए झुककर प्रणाम करना अनिवार्य है। शायद राज्यपालों के होने की वजह से हम बच जाएंगे।
सम्भवतः
मूर्ति का कार्य पूरा होने के बाद।
इस घोषणा को पूरे प्रान्त में पहुँचाओ। सभी दूरा के मैदान में इकट्ठे हों।
स्त्री और बच्चे भी
सभी! सभी दूरा के मैदान में इकट्ठे हों...
इस घोषणा को सुनो!
सभी दूरा के मैदान में इकट्ठे हों!
सभी अपने स्वामी और राजा को सम्मान दो!
....यहाँ तक कि हम भी।
सभी राज्यपालों को उपस्थित होने की आज्ञा दी गयी।
यह वैसा ही है जैसा कि हमें डर था।
वह कुछ भी खर्च नही कर रहा है की हर कोई उसकी महानता को सुने।
जाहिर है कि, राजा ने अभी भी पूर्ण रूप से समझ नही पाया है कि किसकी पूजा की जाये।


दूरा का मैदान।
यह उत्तम है!
दुश्मन को हराने के लिए उसकी कमजोरी को जानना, और यहाँ तक कि इन यहूदियों की भी कमजोरी होगी।
उनकी कमजोरी क्या है?
"...उनका परमेश्वर उनका ही है"
"आज, वे या तो अपमानित होंगे या प्रणाम करने के समय जान लेंगे 'मूर्तियों' में उनका विश्वास क्या है या ......"


यह वही है जो तुमको करने की आज्ञा है , हे लोगों, राष्ट्रों, और हर एक भाषा के मनुष्यों! जैसे ही तुम तुरही, बांसुरी, सितार, वीणा, शहनाई, और सभी प्रकार के संगीत की आवाज़ सुनो.....
और तुमको नीचे झुककर महाराजा नबुकद्रेस्सर की मूर्ति की उपासना करनी होगी।
जो कोई भी झुककर उपासना नही करेगा उसी क्षण....
"...उसको धधकती हुई आग की भट्टी में फेंक दिया जाये!"





दानिय्येल 3:12


हेहेहेहे हेहेहेहे। मुझे बेहतर उम्मीद थी।
प्रत्येक मनुष्य की एक कमजोरी होती है।
शद्रक! मेशक! अबेदनगो!
राजा ने स्वयं की समरूपता के लिए कोई खर्चा नहीं किया।
“महाराजा की आज्ञा है कि हर किसी को उसकी मूर्ति के आगे झुकना है। “
“सबके पास है! तुम बचो!”
वे मूर्ख हैं।
वे मरेंगे।


जेबोनिजेर,तुझे राजा को याचिका देने की अनुमति है।
हे राजा, हम निंदा नही करेंगे।
राजा के प्रति भय और आदर का अभाव जहाँ भी मिले उसे खत्म कर देना चाहिए, चाहें वह तेरी सेना में से हो।
...या तेरे ही दरबार में।
मेरे दरबार सहित।
हे महाराजा, प्रताप और सामर्थ्य में सदा जीवित रहे
लेकिन कुछ विदेशी लोग बेबीलोन के धर्मो का सम्मान नही करते हैं, ना ही राजा के फैसले का।
मुझे बताओ तुम क्या जानते हो।



दानिय्येल 3:8-12


यहूदियों को, जिन्हें नबुकद्रेस्सर ने बहुत लाभों के साथ रहने की अनुमति दी है, उन्होंने राजा के आदेशों के प्रति कोई भय या सम्मान नही दिखाया।
जेबोनिजेर से, बोलो।
कल महासभा में, जब सभी बेमिसाल नबुकद्रेस्सर और उसकी मूर्ति का सम्मान करने के लिए मैदान में एकत्र होंगे....
हमने देखा कि राजा के सर्वोच्च और सबसे भरोसेमंद सलाहकारों ने अभिमानपूर्वक अमरता की छवि के सामने झुकने के लिए मना कर दिया है।
ऐसा किसने किया!?!
यहूदी जिन्हें तूने बेबीलोन प्रान्त के कार्यभार के लिए नियुक्त किया है – शद्रक, मेशक, और अबेदनगो – हे राजा वो तेरी आज्ञाओं पर ध्यान नही देते।
जहाँ कहीं भी वे हों – उन्हें मेरे पास लेकर आओ
उन सभी मृत्यु की सबसे भयानक पीडा से गुजरना होगा।


जब मैंने तुम्हारी मातृभूमि पर चढाई की तो तुम्हें मरने से बचाया था। मैंने तुमको शिक्षित किया, कपडे पहनाये और रहने के लिए घर दिये।
दानिय्येल के सम्मान के समय , मैंने तुमको मेरे दरबार के भीतर स्थान दिया।
शद्रक, मेशक, और अबेदनगो, क्या यह सब सच है कि तुम मेरे देवताओं या मेरे द्वारा खड़ी कराई गयी सोने की मूर्ति की उपासना नही करते हो?
इस समय जब तुम सब प्रकार के वाद्यंत्रों का शब्द सुनकर मेरे द्वारा बनाई हुई मूर्ति के आगे झुककर यदि उपासना करने को तैयार हो तो, बहुत अच्छा है?
लेकिन..... यदि तुम इसकी उपासना नही करोगे तो, तुम उसी घड़ी आग की जलती हुई भट्टी में फेंक दिये जाओगे।
तब कौन-सा ईश्वर तुम्हें मेरे हाथ से छुडाएगा?


हे नबुकद्नेस्सर, हमें इस विषय में तेरे समक्ष स्वयं का बचाव करने की कोई आवश्यकता नही।
यदि हमको धधकती हुई आग की भट्टी में फेंक दिये जाएँ, तौभी जिस परमेश्वर की सेवा हम करते हैं वह उसमें हमें छुड़ाने मे सक्षम है, और हे राजा, वह हमें तेरे हाँथ से भी छुडाएगा।
लेकिन यहाँ तक कि यदि वह ऐसा ना करे, हम चाहते हैं कि तू यह जान ले कि हे राजा, हम न तो तेरे देवताओं की सेवा करेंगे और ना ही तेरे द्वारा खड़ी कराई हुई सोने की मूर्ति की उपासना करेंगे।

दानिय्येल 3:13-18


क्या तुम इस तरह से मेरी दयालुता और परोपकार के लिए व्यवहार करोगे..... राजद्रोह के साथ।
तेरे परमेश्वर ने ना यरूशलेम को बचाया, और ना ही तुम्हें बचाएगा।
मनिनोख!
उन्हें उस बड़ी भट्टी प र ले चलो जहाँ मेरी मूर्ति रखी गयी है!
और आग को सामान्य से सात गुणा तेज धधकाओ! ! !
हमारे पास तक आज्ञा पहुँची है कि तेरे यहूदी दोस्तों ने राजा की मूर्ति के सामने झुकने से मना कर दिया है।

दानिय्येल 3:13








# SUPERBIBLE.TV